करे भगत हो आरती माई

करें भगत हो आरती
माई दोई बिरियां

सोने के लोटा गंगा जल
पानी माई दोई बिरियां,
अतर चढें दो दो सिसियां
माई दोई बिरियां,
करें भगत हो आरती
माई दोई बिरियां

लाए नंदन वन से फुलवा
माई दोई बिरियां ,
हार बनाये चुन चुन
कलियां माई दोई बिरियां ,
करें भगत हो आरती
माई दोई बिरिया

पान सुपारी माई ध्वजा नारियल
दोई बिरियां ;

InstaAstro

धूप कपूर चढ़े चुड़ियाँ
माई दोई बिरियां ,
करें भगत हो आरती
माई दोई बिरियां

लाल वरण सिंगार करे
माई दोई बिरियां ,
मेवा खीर सजी थरियां
माई दोई बिरियां ,
करें भगत हो आरती
माई दोई बिरियां

पांच भगत मिल जस तोरे गावे
माई दोई बिरियां
काटो बिपत की भई जरियां
माई दोई बिरियां
करें भगत हो आरती
माई दोई बिरियां

करें भगत हो आरती माई दोई बिरियां

InstaAstro